प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 24.08.2024

- **महिला सम्बन्धी अपराध के विरुद्ध कानपुर देहात पुलिस द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाही।**
- **थाना भोगनीपुर पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या की घटना में वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा वादी द्वारा दी गयी लिखित तहरीर जिसमें वादी की बहन की दहेज प्रताडना को लेकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में दिनांक 14.08.2024 को मु0अ0सं0-245/2024 धारा 80/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त प्रवीण कटियार पुत्र विजय कटियार निवासी ग्राम गौरीकरन थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को थाना भोगनीपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 24.08.2024 को पिपरी मोड़ थाना क्षेत्र भोगनीपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण–

1. प्रवीण कटियार पुत्र विजय कटियार निवासी ग्राम गौरीकरन थाना भोगनीपुर कानपुर देहात।

अभियुक्त प्रवीण कटियार उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 245/2024 धारा 80/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना भोगनीपुर पुलिस टीम-

1. श्री संजय कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर
2. उ0नि0 श्री शोभित कटियार चौकी प्रभारी अमरौधा
3. का0 1009 गौरव कुमार
4. का0 534 हर्ष चौधरी